RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525
वर्ष : 36 | अंक : 231
हिसार | रविवार, 19 नवम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ ६

# पाठकपक्ष



-पाठकपक्ष न्यूज- नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने पंचकूला स्थित नाडा साहिब गुरुद्वारा और श्री माता मनसा देवी मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार पंचकूला आगमन हुआ है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रमुख डॉक्टर संजय शर्मा, हरपाल सिंह चिका, SGPC हरियाणा के महासचिव रमणीक मान के साथ ज़िलाध्यक्ष अजय शर्मा मी उपस्थित रहे

## प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सिरसा एयर फोर्स स्टेशन पर पहुंचे

### सिरसा पहुंचने पर बिजली मंत्री, पूर्व राज्यपाल, सांसद, एडीजीपी, डीसी और एसपी ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया







**पाठकपक्ष न्यूज**

**सिरसा, 19 नवम्बर :** भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का रविवार को एयरफोर्स स्टेशन सिरसा में थोड़ी देर का ठहराव रहा है। प्रधानमंत्री के एयरफोर्स स्टेशन सिरसा पर पहुंचने पर बिजली मंत्री, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और जेल मंत्री रणजीत सिंह, उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल, सांसद सुनीता दुग्गल, जिला प्रभारी अमरपाल राणा, जिला प्रभारी फतेहाबाद देव कुमार शर्मा, एडीजीपी श्रीकांत जाधव, उपायुक्त पार्थ गुप्ता व पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा आदित्य देवीलाल, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा, प्रदेश सचिव भाजपा सुरेंद्र आर्य, डीसीपी सोनीपत गौरव कुमार, एसपी हिसार मोहित हांडा, एसपी जींद सुमित कुमार, एसपी डबवाली सुमेर सिंह, एसपी रेलवे पुलिस राजेश कालिया, एडीसी डॉ विवेक भारती सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी उपस्थित थे।

## महान वीरांगना झलकारी बाई का भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान

### रानी लक्ष्मीबाई की जान बचाने के साथ ही बहादुरी के साथ अंग्रेजों से लिया था लोहा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 19 नवम्बर :** हरियाणा के सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत महापुरुषों के जीवन परिचय व शिक्षाओं से आमजन को रूबरू करवाने के लिए चलाई जा रहे कार्यक्रमों की कड़ी में आज पलवल में वीरांगना झलकारी बाई का जयंती समारोह मनाया गया जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उल्लेखनीय है कि वीरांगना झलकारी बाई ने अंग्रेजों से रानी लक्ष्मीबाई की जान बचाने में अहम अपनी जान की कुर्बानी दी थी। झलकारी बाई का जन्म 22 नवंबर 1830 को बुंदेलखंड (उत्तर प्रदेश) के गांव भोजला में एक निर्धन कोली परिवार में हुआ था। उनके पिता सदोवा उर्फ मूलचंद कोली एक सैनिक थे। पिता के सैन्य जीवन से प्रभावित झलकारी बचपन से ही साहसी और दृढ़ - प्रतिज्ञ बालिका थी। भारत में जब भी महिला सशक्तिकरण की बात होती है तो महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की चर्चा जरूर होती है। लक्ष्मीबाई की तरह ही उनकी महिला शाखा 'दुर्गा दल' की सेनापति झलकारी बाई भी ऐसी ही एक महान वीरांगना थीं जिनका भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने न केवल रानी लक्ष्मीबाई की जान बचाई बल्कि अपने प्राणों की परवाह न करते हुए अदम्य साहस व बहादुरी के साथ अंग्रेजों से लोहा लिया। झलकारी हूबहू रानी लक्ष्मीबाई की तरह थीं। जब रानी लक्ष्मीबाई ने झलकारी को अपने हाथों से सजाया और दरबार में लेकर आईं तो मौजूद लोग पहचान नहीं पाए कि लक्ष्मीबाई कौन हैं और झलकारी कौन है। तब रानी ने झलकारी को बाई की उपाधि दी और वे तब से झलकारी बाई हुईं। झलकारी बाई की छवि साहसी, निडर व देशभक्त वीरांगना की है। देश के अनेक राज्यों में उनकी कहानी बड़े गर्व के साथ सुनाई जाती है। झलकारी बाई की महानता को बुंदेलखंड में रानी लक्ष्मीबाई के बराबर सम्मान दिया जाता है। दलित के तौर पर उनकी महानता और हिम्मत ने उत्तर भारत में दलित समाज के जीवन पर काफी सकारात्मक प्रभाव डाला। अजमेर, राजस्थान में उनकी प्रतिमा और स्मारक भी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने उनकी एक प्रतिमा आगरा में भी स्थापित की है। उनके नाम से लखनऊ में एक धर्मार्थ चिकित्सालय भी है। अंग्रेजों के साथ बहादुरी के साथ लड़ते हुए रानी लक्ष्मीबाई की जान बचाने वाली झलकारी बाई की समाधि ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में स्थित है। झलकारी बाई के अलावा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की समाधि भी ग्वालियर में ही बनाई गई है। वीरांगना झलकारी बाई की समाधि पर आज भी लाखों लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचते हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने भी झलकारी बाई की याद में झांसी किले के अंदर एक संग्रहालय की स्थापना की जहां प्रतिवर्ष लाखों लोग पहुंचकर झलकारी बाई के अदम्य साहस व नीडरता से जुड़े तथ्यों से रूबरू होते हैं।

### मुख्यमंत्री मनोहर लालने रेवाड़ी रेलवे स्टेशन में सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य की प्रतिमा लगाने का आग्रह किया

**पाठकपक्ष न्यूज, चंडीगढ, 19 नवम्बर :** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से रेवाड़ी रेलवे स्टेशन के मध्य प्रांगण में सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य की प्रतिमा स्थापित करने का अनुरोध किया है।आजकेंद्रीय रेल मंत्री लिखे एक अर्ध सरकारी पत्र में मुख्यमंत्री ने 7 अक्टूबर, 2023 को सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य के राज्याभिषेक के अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट जारी करने के लिए भी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य मंच, रेवाड़ी द्वारा उठाई गई सार्वजनिक मांग का समर्थन करते हुए कहा है कि प्रतिमा की स्थापना न केवल सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य की उल्लेखनीय उपलब्धियों को श्रद्धांजलि देगी, जिन्हें लोग प्यार से 'हेमू' कहते हैं।

## आंगनवाड़ी वर्करों व हेल्परों का मानदेय बढ़ाने से प्रदेश की हजारों महिलाओं को मिलेगा फायदा : कैप्टन भूपेन्द्र

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 19 नवम्बर :** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने राज्य सरकार के उस फैसले का स्वागत किया है, जिसमें आंगनवाड़ी वर्करों व हेल्परों को मिलने वाले मासिक मानदेय में बढ़ोतरी करने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि इस फैसले के साथ ही हरियाणा सर्वाधिक मानदेय देने वाला राज्य बन गया है। कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार का यह आंगनवाड़ी महिलाओं के हित में बड़ा फैसला है। सरकार के फैसले के अनुसार आंगनवाड़ी वर्करों का मानदेय 12 हजार 661 रुपये से बढ़ाकर 14 हजार रुपये प्रति माह कर दिया गया है।



इसके साथ ही 10 वर्ष तक के अनुभव वाली कार्यकर्ताओं व मिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 11 हजार 401 रुपये से बढ़ाकर 12 हजार 500 रुपये प्रति माह तथा आंगनवाड़ी सहायिकाओं का पारिश्रमिक 6781 रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से प्रदेशभर की 23 हजार 486 आंगनवाड़ी वर्करों, 489 मिनी आंगनवाड़ी वर्करों तथा 21 हजार 732 हेल्परों को फायदा होगा।

## डॉ पूनम सूरी ने किया डीएन कालेज हिसार द्वारा प्रकाशित व संकलित पुस्तक 'वैश्विक पर्यावरण' का विमोचन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 19 नवम्बर :** ऑल इंडिया डीएवी कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष डॉ पूनम सूरी दयानंद कॉलेज हिसार के द्वारा प्रकाशित व संकलित पुस्तक वैश्विक पर्यावरण का दिल्ली में विमोचन करते हुए। उनके साथ हैं प्रिंसिपल डॉ. विक्रमजीत सिंह, श्री सूरी ने इस कार्य के लिए उनकी सराहना की है।


### शोक संदेश

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी प्रिय **शशि सिंगला जी** धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री सोहन सिंगला का अचानक स्वर्गवास 19.11.2023 को सुबह 8:00 बजे हिसार में हो गया है। उनका अंतिम संस्कार कल दिनांक 20.11.2023 को सुबह 6:30 बजे घर से चलकर सैक्टर-32 गुरूग्राम स्थित मोक्ष धाम (मेदांता के सामने) सुबह 7 बजे होगा।

**शोकाकुल**

**समस्त पदाधिकारी व ट्रस्टीगण**
**श्री वैष्णव अग्रसैन गौशाला, हिसार।**

नोट : शोक स्वरूप 20 नवंबर 2023 (सोमवार) गौपाष्टमी पर्व पर अग्रोहा गौशाला में आयोजित होने वाले भक्तिमय कार्यक्रम व भंडारे को स्थगित कर दिया गया है।


## सड़क हादसे में 45 वर्षीय युवक की मौत

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 19 नवम्बर :** हांसी में शेखपुरा गांव के समीप सड़क हादसे में खांडा खेड़ी गांव निवासी करीब 45 वर्षीय जोगिंदर सिंह की दर्दनाक मौत हो गई। जोगिंदर सिंह मजदूरी का काम करता था। जोगिंदर सिंह की एक लड़की और दो लड़के हैं। रविवार को जोगिंदर सिंह खांडा खेड़ी निवासी रमेश के साथ बाइक पर बैठकर काम देखने के लिए हांसी आ रहे थे। जब वे शेखपुरा गांव के समीप पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से जोगिंदर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगिरो ने वाहन का प्रबंध करके जोगिंदर को हंसी नागरिक अस्पताल में भिजवाए। नागरिक अस्पताल के डॉक्टरों ने इलाज के दौरान जोगिंदर को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। नागरिक अस्पताल में मौजूद रमेश कुमार ने बताया कि वह जोगिंदर के साथ मिलकर लकड़ी खरीदने और बेचने का काम करता है। रविवार को काम के लिए हांसी आ रहे थे। शेखपुरा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से जोगिंदर के सिर में गहरी चोट लगी। साथी रमेश कुमार भी इस हादसे में घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने वाहन का प्रबंध करके दोनों को हांसी के नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए भेजा। नागरिक अस्पताल के डॉक्टरों ने जोगिंदर को मृत घोषित कर दिया। सोमवार को जोगिंदर के शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## ट्रक और कार में टक्कर, दो घायल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 19 नवम्बर :** हांसी में भाटला गांव के समीप पैट्रोल पंप के पास ट्रक और कार का एक्सीडेंट हो गया। हादसे में ट्रक में सवार 2 युवक घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए हांसी के नागरिक हॉस्पिटल में लाया गया जहा दोनो की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हिसार रैफर कर दिया। ट्रक ड्राइवर परमजीत सिंह ने बताया कि वह अपने ट्रक में यूपी से धान लेकर टोहाना की तरफ़ जा रहे थे। भाटला गांव पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो उनके आगे एक कार चल रही थी। कार के ड्राइवर ने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। परमजीत ने भी अचानक ब्रेक लगाए। बचाने के बावजूद ट्रक का अगला हिस्सा कार से टकरा गया। जिसमें वह और उसका साथी घायल हो गया।आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना एंबुलेंस को दी। जिसके बाद उन्हें हांसी के सिविल अस्पताल ले लाया गया। परमजीत ने बताया की उन्हें टोहाना अनाज मंडी में धान उतारनी थी।







# कांग्रेस के कुशासन से आमजन त्रस्त : दुष्यंत चौटाला

## एक गरीब परिवार के किसान को विधानसभा में पहुंचाना प्राथमिकता : डा.अजीत सिंह



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 19 नवम्बर :** राजस्थान में कांग्रेस के कुशासन से हर वर्ग दुखी ये बात हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने नसीराबाद विधानसभा के लोहरवाडा में आज एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कही,उन्होंने कांग्रेस राज्य में पेपर लीक घोटाला, नौकरियों में घोटाला, महिलाओं से हुए अत्याचार की बात कही। कांग्रेस कुशासन से जनता त्रस्त है और वह परिवर्तन चाहती है। उप मुख्यमंत्री ने एक-एक वोट चाबी के निशान पे डालने की बात कही ताकि सरकार में हिस्सेदारी लाकर बुढ़ापा पेंशन एक हजार से तीन हजार करवाई जाएगी, गरीब लड़की को पहली कक्षा से पीएचडी तक शिक्षा फ्री दी जाएगी, गावों में ई लाइब्रेरी खुलवाई जायेगी। नसीराबाद विधानसभा के प्रभारी डॉ अजीत सिंह ओडीएम ने अपने संबोधन में कहा की जननायक जनता पार्टी ने आपको ऐसा प्रत्याशी दिया है जो 24 घंटे आपके बीच में रहने वाला है और हर समय किसानों की आवाज बड़ी मजबूती से उठाता है अगर आप इसे विधानसभा में भेजते हैं तो किसान की बात को बड़ी मजबूती से उठाएंगे।गांव वासियों ने उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का बड़ी गर्म जोशी से स्वागत किया और भारी संख्या में उनको विचार सुनने के लिए सभा में पहुंचे। इस अवसर पर प्रत्याशी जीवराज जाट ने आए हुए सभी ग्रामवासियों से वोटों की अपील की और सभी का धन्यवाद किया।आयोजित सभा में राजस्थान प्रदेश महासचिव मुनेश हुड्डा, सरपंच हगामी लाल माली, पूर्व सरपंच गोवर्धन सिंह राठौर,पूर्व सी आर रामधन बिशोर, घनश्याम चौधरी, बाबूलाल माली, मोहन लाल शर्मा,राजस्थान युवा प्रदेश सचिव उमेश साहू,व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश प्रवक्ता विपिन गोयल, जिला पार्षद अनिल शर्मा,सरपंच विजय सांकरी, ओमप्रकाश कंडोला, संदीप डूडी आदि हजारों लोग उपस्थित थे।

# दीनदयाल गोरखपुरिया अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के हिसार जिला अध्यक्ष नियुक्त



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 19 नवम्बर :** आखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की एक महत्वपूर्ण बैठक आज अग्रविभूति स्मारक अग्रोहा में सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सदस्यों से विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश सिंघल को संस्था का चेयरमैन दीनदयाल गोरखपुरिया को जिला अध्यक्ष, वेद प्रकाश जैन को मां माधवी अन्नक्षेत्र सहयोग समिति का अध्यक्ष, सत्यनारायण गोयल को हिसार नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने संस्था की प्रगति कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी बहुत ही कर्मठ और अनुभवी व्यक्ति है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में संस्था और अधिक मजबूत होगी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दीनदयाल गोरखपुरिया ने इस अवसर पर कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, उसको पूरी तन्मयता के साथ निर्वहन करूंगा। जिला कार्यकारणी का गठन सभी सदस्यों की सहमति से शीघ्र किया जाएगा। वहां उपस्थित महिला विंग की प्रदेश महामंत्री अनिता जैन वृजमोहन जैन, राज कुमार जैन, रामअवतार गुप्ता, राजेश सिंघल, सुरेश गोयल धूप वाला ने नव नियुक्तियों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

# आपकी भाषा और वक्तव्य कला से हमें हमेशा आदर्श प्राप्त होता

## पिता सुदर्शन गुप्ता के जन्मदिवस पर बेटियों ने भेजा संदेश

-पाठकपक्ष डेस्क-



आपको आपके 76वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! आपका जन्म 19 सितंबर 1947 को हुआ था, और आपने इस समय तक अपने जीवन को एक अद्वितीय सफलता के साथ भरा है। आप एक उत्कृष्ट स्वतंत्र लेखक हैं और आपकी लेखनी से चित्रित होता है कि कलम की शक्ति से कैसे जीवन को सुंदरता से भरा जा सकता है। आपका जीवन एक उदाहरण है, कैसे संघर्ष, समर्पण और साहस के माध्यम से हम अपने लक्ष्यों की प्राप्ति कर सकते हैं। आपने स्वतंत्र लेखन के क्षेत्र में अपने कौशल को सजीव रूप से बनाए रखा है और इससे आपकी साहित्यिक यात्रा ने हमें हमेशा प्रेरित किया है। इस खास मौके पर, मैं आपकी अद्भुत और समर्पित प्रयासों की सराहना करता हूँ जो ने आपको इतने ऊँचाइयों तक पहुंचाया है। आपने न केवल लेखन क्षेत्र में, बल्कि उत्कृष्ट वक्ता के रूप में भी अपना प्रतिष्ठान बनाया है। आपकी भाषा और वक्तव्य कला से हमें हमेशा आदर्श प्राप्त होता है और यह दिखाता है कि आपका ज्ञान और विचारशीलता कितनी ऊँची हैं। इस विशेष दिन पर, मैं आपके स्वस्थ, सुखी, और उत्कृष्ट जीवन की कामना करता हूँ। आपका साथ हमें हमेशा प्रेरित करता रहे और हम सभी आपके साथ गर्वित हैं।

धन्यवाद और शुभकामनाएं,

**- शिवानी मित्तल, शिल्पा कंसल, रजनी बंसल तथा शिखा सिंगल अग्रवाल**

# प्रकृति के बदलते रंगों में भगवान को महसूस करें

ऐसा कई बार हुआ होगा, जब दिल से भगवान को याद किया हो। अक्सर ऐसा तब होता है, जब किसी मुश्किल घड़ी से निकलने के लिए विश्वास रूप से एक दैवीय मदद की मांग की गई हो। दूसरी तरफ ऐसे भी भक्त हैं, जो चारों ओर हर चीज में भगवान को देखते हैं। उन्हें एहसास है कि दुनिया की सारी शक्तियों की उत्पत्ति दैवीय ही होती है और इस सृष्टि की शुरुआत भगवान से होकर वापस उन्हीं में घुल जाती है। भागवद्गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं- हे अर्जुन! मैं पानी का रस हूं और सूर्य और चंद्रमा में रोशनी। मैं वेद में ओम् हूं, आकाश की ध्वनि, आदमी में प्राण। मैं धरती की शुद्ध गंध हूं, अग्नि में प्रकाश। मैं सभी प्राणियों में जीवन हूं और तपस्वियों के लिए तप हूं।

भगवान की शाश्वत शक्ति को महसूस करते हुए भक्ति को लगातार व्यक्त किया जा सकता है, क्योंकि यह स्पष्ट रूप से दुनिया भर में प्रकट है। हमें अपने चारों ओर ध्यान केंद्रित करना है और अपनी इंद्रियों को प्रशिक्षित करना है, ताकि वे दुनिया की दैवीय शक्ति को स्वीकार कर सकें। यह एक कमल के रूप में हो सकती है, जो खुद को एक तितली में बदल देता है या एक मौसम जो परिदृश्य को सुस्त भूरे रंग से शानदार हरे रंग में बदल देता है। इस चमत्कार को देखने के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होती। आप इसे कई चमत्कारी पलों में महसूस कर सकते हैं, जैसे एक अजन्मे शिशु की पहली किक (लात चलाना)।

प्रकृति के प्रति जागरूकता रखिए और समय बिताकर हमेशा भगवान की महिमा को याद करिए। प्रकृति में भगवान के अस्तित्व को देखने के लिए ये कुछ तरीके अपनाइए:-

## अध्यात्म

**सौंदर्य :** जब भी आप इस धरती पर पानी या आकाश को देखते हैं, तो भगवान की अभिव्यक्ति को उत्तम खूबसूरती के रूप में देखें और प्रशंसा करना सीखें।

**रचनात्मकता :** प्राकृतिक दुनिया में भगवान की रचनात्कता की प्रशंसा करना सीखें। आध्यात्मिक स्तर पर, जब एक भक्त सारी परेशानियों को भगवान को समर्पित कर देता है, तब वह रचनात्मक समाधान भी खोज सकता है।

**ताकत :** भूकंप, आंधी-तूफान, ज्वालामुखी जैसी प्राकृतिक घटनाओं में भगवान की शक्ति और उनकी शक्ति के प्रदर्शन की ताकत के बारे में जागरूकता बनाएं। कल्पना कीजिए कि भगवान कुछ ही मिनिटों में क्या कुछ बदल सकता है।

**दृढ़ता :** क्या आपने कभी पुरानी इमारतों में कॉन्क्रीट की दरारों से पीपल के पेड़ उगते हुए देखे हैं? उन्हें वे पोषक तत्व भी मिलते हैं, उन्हें जिनकी आवश्यकता होती है? नामुमकिन लगता है, लेकिन भगवान उसे मुमकिन कर लेता है। इसी तरह, अपने चरित्र का निर्माण करने के लिए प्रेरणास्पद उदाहरण की खोज में हमेशा रहें।

**व्यवस्थित संगठन :** दिन-ब-दिन, साल-दर-साल देखेंगे कि प्रकृति में चीजें एक व्यवस्थित रूप से रखी गई हैं और एक सही तरीके से चल रही हैं। मौसम का लगातार बदलना, रात के आकाश में उत्तर सितारे का निश्चित स्थान, निर्माण और विनाश के स्वरूप...। ये भी भगवान की दैवीय महिमा का एक पहलू है।

इन पहलुओं के अलावा, भगवान हम सब में बसते हैं, क्योंकि हम भी प्रकृति का एक हिस्सा हैं। वेद हमें सलाह देते हैं कि अपने शरीर, मन और आत्मा में भगवान की उपस्थिति का अनुभव करें। इसके लिए आप ओम् नाम का जाप और ध्यान करने का अभ्यास कर सकते हैं। यह शब्दांश प्रतीकात्मक रूप से उस शाश्वत सार का प्रतिनिधित्व करता है, जिससे यह संपूर्ण ब्रह्मांड बनाया गया है।

# बदला लेने की नहीं, बदलाव लाने की सोचें, पहले अपने को बदलें, फिर दूसरे को बदलने की प्रेरणा दें

-पाठकपक्ष डेस्क-



एक दूसरे से उलझते रहना,हर समय डांटते रहना, गुस्सा करते रहना, आलोचना करते रहना, दूसरों की टांग खींचते रहना, दूसरों की बुराई करते रहना, अक्सर हमें घर परिवार व आसपास इस तरह के स्वभाव वाले लोग मिल ही जाते हैं, जो अपने आप से भी ख़फ़ा रहते हैं और दूसरों से भी असंतुष्ट रहते हैं, इसलिए गाहे-बगाहे अंदर की खुंदक औरों पर निकालते रहते हैं। वो अपने जीवन को संघर्ष और एक अनवरत चलने वाले युद्ध की तरह देखते हैं और उन्हें हर बाज़ी जीतने का चस्का भी होता है, इसलिए तो किसी दूसरे को अपने सामने कुछ समझते ही नहीं। कहते हैं कि मनुष्य को अपनी लड़ाइयां भी सोच समझ कर चुननी चाहिये, क्योंकि अगर सारा जीवन लड़ने में ही लगा देंगे तो जिएंगे कब? अपने महती लक्ष्य के लिए ऊर्जा और समय कहां से लाएंगे। भगवान कृष्ण जो अर्जुन को युद्ध करने का उपदेश देते हैं, वही श्री कृष्ण जरासंध के साथ युद्ध में, सारे मथुरा वासियों को भगा कर दूर समुद्र किनारे सुरक्षित स्थान पर ले जाते हैं, इसलिए वह रणछोड़ के नाम से जाने गए। यही नहीं, इसी तरह का महाभारत में भी प्रसंग आता है, जब कौरव सेना के सभी महारथी महाभारत के युद्ध में मारे गए तो गुरु द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा अपने पिता की छल से हुई मृत्यु का बदला लेने के लिए नारायणी अस्त्र छोड़ देता हैं, यह अस्त्र अपनी शक्ति से पांडव सेना में उत्पात मचा देता है और जो भी उसके सामने युद्ध के लिए आता है उसे भस्म कर देता है।तब भी श्री कृष्ण सब को अपने हथियार डालने के लिए कह चुपचाप नजारा देखने के लिए कहते हैं,वह उन्हें अपने दिल से युद्ध का भाव भी छोड़ने के लिए कहते हैं। जब उस नारायणी अस्त्र को अपने सामने कोई शत्रु नहीं मिलता, तो धीरे धीरे उसकी वार करने की शक्ति अपने आप खत्म हो जाती है। इसलिए जरूरी नहीं कि हमेशा तन कर ही रहा जाए, अगर झुक कर, बात बनती हो तो ,बात बना लेनी चाहिए, लकीर को छोटा करने के लिए हर बार उसे कांटना छांटना ही जरूरी नहीं, बड़ी लकीर खींच कर भी उसे छोटा किया जा सकता है, मतलब बड़े दिल वाले बन कर, माफ कर जीवन में आगे बढ़ जाना चाहिए।बदला लेने की नहीं, बदलाव लाने की सोचें। गुस्सा करने से, झगड़ा करने से तो ठीक बात भी बिगड़ जाती है। नसीहत भी देनी हो तो नर्म लहजे में ही अच्छी लगती हैं क्योंकि दस्तक देने का मकसद दरवाजे को खुलवाना होता है, दरवाजे को तोड़ना नहीं।

**-डॉ. कमलेश कली**

# मांगे नहीं मानी तो किसान आंदोलन दोबारा शुरु होगा : धर्मपाल बडाला

## किसानों ने बास टोल पर 26 को चंडीगढ़ जाने की पूरी रणनीति बनाई

पाठकपक्ष न्यूज




**हिसार, 19 नवम्बर :** हिसार जिला के बास टोल कमेटी कि मीटिंग टोल पर बलवंत मोर की अध्यक्षता में शनिवार को बास टोल पर हुई। संयुक्त किसान मोर्चा, हरियाणा के सदस्य सुरेश कोथ ने शिरक्त की,बास टोल कमेटी 26 नवम्बर को सैंकड़ो ट्रैक्टर ट्राली ले जाने के लिए सभी संगठनों कि संयुक्त कमेटी बनाकर जनसम्पर्क अभियान चलाएगा

बास टोल के वरिष्ठ किसान नेता धर्मपाल बडाला ने बताया कि किसान आंदोलन के लंबित मुद्दों के समाधान के लिए 26 से 28 नवंबर को राजभवन पड़ाव,चंडीगढ़ की तैयारी के लिए बास टोल के सभी गांवों में किसान मजदूर संगठन मिलकर जनसभा करेगें। सैंकड़ों ट्रैक्टर लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्यां में चंडीगढ़ की तरफ कूच करेंगें। अपने ट्रैक्टर ट्रालियां लेकर चंडीगढ़ पहुचेंगे।हर गांव से ट्रैक्टर लेकर किसान-मजदूर हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में 72 घंटे का पड़ाव 26- 27- 28 नवंबर को डालने के लिए चलेंगे।न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद की कानूनी गारंटी। फसल खराबे के मुआवजे व बीमा क्लेम तुरंत जारी करो।श्रम कानून मजबूत करो और लेबर कोड रद्द करो। बिजली बिल संशोधन वापिस लो और स्मार्ट मीटर लगाने बंद करो।मौजूदा विनाशकारी नीतियों की जगह पर विकल्प की नीतियों के लिए संघर्ष तेज करने के लिए तीन दिन के पड़ाव में चलो चंडीगढ़ ।

किसान नेता सुरेश कोथ ने कहा कि किसान मजदूर अब सांझी लड़ाई लड़ेंगें। किसान आंदोलन दोबारा शुरु होगा ये केवल 72 घंटे की हमारी ट्रायल है आंदोलन की। खेत मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा का कानून और मनरेगा काम के दिन व दिहाड़ी बढ़ाओ।किसानों का कर्ज़ा मुक्त करो। जातिवाद व सांप्रदायिक भावनाओं से सचेत रहते हुए अपने सामाजिक सद्भाव को बचाते हुए संविधान, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र की हिफाजत के लिए सभी किसान, मजदूर, कर्मचारी, महिला, छात्र-युवा राजभवन कूच के लिए 26 नवंबर को पंचकूला चलो।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है सरकार : धर्मवीर फोगाट

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 19 नवम्बर :** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की राज्य कमेटी की बैठक राज्य वरिष्ठ उपप्रधान शिव कुमार की अध्यक्षता में सर्व कर्मचारी संघ हिसार के कार्यालय में हुई। बैठक का संचालन सचिव राज्य महासचिव दलेल राणा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष धर्मवीर फोगाट ने हुए कहा कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने प्रत्येक गांव में जाकर सरकार की कर्मचारी विरोधी व जन विरोधी नीतियों की पोल खोलने का निर्णय लिया है, जिसमें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का खुलकर सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों की मांगों के समाधान की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है।

# सुण मौल्लड़ की



क्रिकेट का ज्वर उफान पर

स्पेशल ट्रेन अर हवाई जहाज ले के पहुंच रहे सै क्रिकेट प्रेमी।

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** परिवार में प्रसन्नता का वातावरण बना रहेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यों में आ रही अड़चने समाप्त होगी।

**वृषभ :** भाग्योदय के अवसर प्राप्त होंगे। बुजुर्गों व गुरूजनों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। लम्बे समय से अटके कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन :** किसी अंजान व्यक्ति पर भरोसा न करें। मन में नकारात्मक विचार आएंगे। अत्याधिक क्रोध करने से बचें। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**कर्क :** विपरीत लिंग की तरफ आकर्षित होंगे। भौतिक सुख-सुविधा में बढ़ौतरी होगी। सांझेदारी में नया कार्य आरंभ कर सकते हैं।

**सिंह :** यात्रा करने से बचें। वितीय लेन-देन में सावधानी रखें। फिजूल की बहस ना करें। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।

**कन्या :** योग्यता के बल पर सफलता हासिल करेंगे। रचानात्मक कार्य से जुड़े लोगों को लाभ होगा। मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला :** वाहन चलाते समय सावधानी रखें। विपरीत परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा। जोखिम लेने से बचें। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**वृश्चिक :** प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। पुराने मित्रों से मुलाकात संभव है। शत्रु परास्त होंगे।

**धनु :** आय में बढ़ौतरी होगी। परिवार के साथ खुशी भरे लम्हे व्यतीत करेंगे। अटकी योजनाओं में गति आएगी।

**मकर :** मन भावुक बना रहेगा। कार्यविस्तार की रूपरेखा बनेगी। अनुभवी लोगों का साथ मिलेगा।

**कुंभ :** पूंजी निवेश करने से बचें, नुकसान की आशंका। महत्वपूर्ण निर्णयों को टाल दें। आत्मविश्वास में कमी आएगी। दुर्गा माता की पूजा करें।

**मीन :** आकस्मिक धन लाभ होगा। अपनों से उपहार प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

## कर्म का मर्म

# भारत के पहले पक्षी वैज्ञानिक सलीम अली

उस दिन अमीरुद्दीन तैयबजी का भांजा अपने साथ एक गौरैया लेकर आया जिसके गले में पीले रंग का निशान था। भांजे ने गौरैये के बारे में मामा से सवाल करना शुरू कर दिया। मामाजी के पास उसके सवालों के जवाब नहीं थे। इसलिए उसकी जिज्ञासा शांत करने के लिए उसे बॉम्बे नैचरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) ले गए, जिसके वह सदस्य भी थे। अमीरुद्दीन निस्संतान थे और भांजे से बहुत प्यार करते थे। उस बच्चे ने पैदा होने के एक साल के अंदर मां और तीन साल के अंदर पिता को खो दिया था। बीएनएचएस का सदस्य होने के नाते वह पेड़-पौधों और पशु-पक्षियों का महत्व समझते थे। वह छुट्टियों के दिनों में खेतवाड़ी से बाहर चेंबूर के बाग-बगीचों में पक्षियों के पीछे घूमने से भी उस बच्चे को रोकते नहीं थे। बीएनएचएस पहुंकर उन्होंने बालक को डब्ल्यू.एस. मिलार्ड से मिलवाया। बालक की उत्सुकता जानकर मिलार्ड ने उससे कहा कि वह ड्रॉवर में रखी पक्षियों से जुड़ी सामग्री निकाले और उस गौरैया से उनका मिलान करे। बालक ड्रॉवर खींचता, सामग्री निकालता, ड्रावर बंद करता। एक-एक कर कई ड्रॉवर खोलने के बाद आखिर उसे वह सामग्री मिली जो पीले गले वाले गौरैया से मेल खाती थी। मिलार्ड ने उस पक्षी के बारे में पढ़ने के लिए कहा। कुछ बालक ने पढ़ा, कुछ मिलार्ड ने समझाया।



इसके साथ ही उस दिन उस बच्चे के मन में पक्षियों को जानने-समझने की इच्छा का जो बीजारोपण हुआ, वह आगे विकसित ही होता रहा। पक्षियों के पीछे-पीछे घूमते रहने के कारण लोग जिस बालक को आवारा कहते थे, वह अब पक्षियों के बारे में पढ़कर अधिक से अधिक जानकारी जुटाने लगा। पक्षियों का अनुरागी यही बालक सलीम अली आगे चलकर भारत का पहला पक्षी वैज्ञानिक बना। भारत सरकार ने उन्हें पद् मभूषण से सम्मानित किया और दुनिया ने उन्हें बर्डमैन ऑफ इंडिया के रूप में जाना।

AC AC AC AC AC AC AC AC AC AC AC AC AC AC AC AC
LLOYD Whirlpool VOLTAS
IFB orient HITACHI Inspire the Next Haier
0% Interest बिना ब्याज के
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
सबसे आकर्षक Rate !
सबसे आकर्षक Offers !
SINGLA ELECTRONICS
BETWEEN PARIJAT CHOWK AND NAGORI GATE, HISAR
M.: 94666-83396, 98136-62313

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
राम
muse-II
Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 19 नवम्बर :** राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर शनिवार को शाश्वत प्राकृतिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य केंद्र में आयुष विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेविका डॉ प्रतिमा गुप्ता तथा विशेष अतिथि के तौर पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ धर्मपाल पूनिया तथा एडवोकेट मनोज कुश ने शिरकत की। मुख्य अतिथि डॉ प्रतिमा गुप्ता ने उपस्थित जन से आह्वान करते हुए कहा कि प्राकृतिक शिक्षा को अपनाकर रोगों से ग्रस्त होने से पहले ही अपने को ठीक रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं पिछले काफी वर्षों से प्राकृतिक चिकित्सा से जुड़ी हुई हैं, जिससे उनको बहुत लाभ हुआ है। एडवोकेट मनोज कुश ने सरकार से अनुरोध करते हुए कहा कि जिले में एक उच्च स्तरीय प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना की जाए ताकि जिलावासी इसका लाभ उठा सकें। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ धर्मपाल पूनिया ने बताया की आयुष विभाग द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के निर्माण हेतु एक प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा जा चुका है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इसका निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाया जाएगा। शाश्वत प्राकृतिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ रिपल मित्तल ने बताया कि देश में प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की ओर से 18 नवंबर को प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा के लाभ एवं विभिन्न रोगों में केंद्र की उपलब्धियां बारे विस्तार से जानकारी दी। मंच संचालन योग विशेषज्ञा पूजा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ महेंद्र पाल, डॉ सुशीला बंसल, पतंजलि प्रभारी डॉ ईश आर्य, मुकेश, उमेश आर्य, डॉ सुमन यादव, उपमा, डॉ दलीप प्रकाश, डॉ सुनीता, डॉ राजबाला, डॉ सुभाष, डॉ रामरति, डॉ छाया, डॉ मोनिका, बंगा, डॉ सचिन, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट जोगिंद्र, पवन वेद, आयुष योग सहायक रैना, राहुल, कविता, रंजना राकेश आदि उपस्थित रहे।

# कुलदीप बिश्नोई ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के साथ पिपाड़ में भोपालगढ़ एवं बिलाडा विधानसभा में किया संयुक्त जनसभा को संबोधित



पाठकपक्ष न्यूज

**पिपाड़ (बिलाडा), 19 नवम्बर :** भारतीय जनता पार्टी के चुनाव सह प्रभारी एवं स्टार प्रचारक कुलदीप बिश्नोई ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के साथ पिपाड़ में भोपालगढ़ एवं बिलाडा विधानसभा की संयुक्त जनसभा को संबोधित किया। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के अध्यक्ष के रूप में आप जिस कुशलता, अपने गहरे अनुभव और सबको साथ लेकर चलने की नड्डा जी की सोच से कार्य कर रहे हैं वह न केवल काबिलेतारीफ है, बल्कि हम सबके लिए प्रेरणा भी है। उनके नेतृत्व में पूरे देश में हमारी पार्टी सांगठनिक तौर पर और ज्यादा सुदृढ़ हुई है। छात्र जीवन से ही राजनीति से जुड़े रहे हैं और जेपी आंदोलन में भी आपने गहरी छाप छोड़ी थी। विभिन्न पदों पर रहकर आपने पूरे समर्पण से पार्टी की सेवा की है। जिस अनुशासन के लिए भारतीय जनता पार्टी को जाना जाता है। उन जैसा अनुशासित व्यक्ति ही दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का नेतृत्व कर सकता है। एबीवीपी हो या फिर भाजपा की युवा इकाई। मोदी जी के पहले कार्यकाल में वे सफल स्वास्थ्य मंत्री भी रहे। हर पद पर रहकर उसे पूर्ण समर्पण से निभाकर जहां आपने पार्टी में अन्य नेताओं व कार्यकर्ताओं के लिए मिशाल कायम की ही है, वहीं उनकी सादगी, स्पष्टता और अनुशासन से आपका महान व्यक्तित्व झलकता है। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि राजस्थान अनेक वीर शहीदों, संत, महात्माओं की धरती रहा है। यहां के अमर वीरों की गाथाएं इतिहास में भरी पड़ी है। आज कितनी भी आधुनिकता भले ही आ गई है, परंतु राजस्थान का व्यक्ति अपनी जड़ों और अपनी मिट्टी से जुड़ा है। राजस्थान के साथ उनका गहरा लगाव रहा है। कई चुनाव उन्होंने राजस्थान के देखे हैं, लेकिन अभी तक जहां भी वे राजस्थान गए हैं, यह बात विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि भारतीय जनता पार्टी की लड़ाई राजस्थान में चुनाव जीतने की नहीं, बल्कि ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने की है। हर व्यक्ति की जुबान पर ये बात है कि राजस्थान में भाजपा सत्ता में आ रही है। निश्चित तौर पर उनके कुशल नेतृत्व में हम राजस्थान में 150 सीटों के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रहे हैं।

# छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में लैंगिक उत्पीड़न निषेध व निवारण पर व्याख्यान



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 19 नवम्बर :** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय, हिसार में 'कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न' कानून पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लैंगिक उत्पीड़न- रोकथाम, निषेध व निवारण कानून के प्रशिक्षक श्री कुलबीर सिंह ने इस कानून की आवश्यकता, महत्ता व क्षेत्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से सरल भाषा में इस कानून की विभिन्न धाराओं से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ उर्मिला मलिक ने वक्ता का अभिवादन किया व विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि कभी भी किसी की झूठी शिकायत नहीं करनी है व यदि वास्तविक रूप से कोई ऐसी घटना आपके साथ घटित होती है तो अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता का परिचय देते हुए उस स्थिति में उचित कार्यवाही जरूर करनी है। प्राचार्य ने विद्यार्थीयों से आग्रह किया कि आपके संपर्क में आने वाले अन्य विद्यार्थियों को भी आप इस कानून के प्रति जागृत करें व संवेदनशील बनाएं। अंत में डॉ अजीत ने धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ पूनम, डॉ मोनिका उपस्थित रहीं।

# 18 दिसम्बर को निर्माण का मजदूर हजारों की संख्या में उपायुक्त कार्यालय हिसार पर अपनी समस्याओं को लेकर करेगा प्रदर्शन : मनोज सोनी



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 19 नवम्बर :** गत दिवस भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा जिला कमेटी हिसार की मीटिंग पृथ्वी प्रभात भवन नवदीप कॉलोनी हिसार में की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला के प्रधान राजू बरवाला ने कि व संचालन जिला सचिव मनोज सोनी ने किया।आज की मीटिंग में संयुक्त किसान मोर्चा एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियन व कर्मचारी संगठनों के देशव्यापी अभियान पर हरियाणा के मजदूर और किसानों का 26 से 28 नवंबर सेक्टर 5 पंचकूला में महा पड़ाव की तैयारी को लेकर जिला भर से सैंकड़ों की संख्या में निर्माण का मजदूर पंचकूला पहुंचने की योजना बनाई गई। इस महा पड़ाव में भवन निर्माण का मजदूर सैकड़ो की संख्या में कूच करेगा और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करेगा। आज की मीटिंग में भवन निर्माण में काम करने वाले मजदूर को श्रम कल्याण बोर्ड से मिलने वाली सुविधाओं पर बेईमानी शर्तें और 90 दिनों के काम की वर्कस्लिप को वेरीफाई करवाने को लेकर समय पर सुविधा मिले 90 दिनों के काम के लिए मजदूरों को दर दर न भटकना पड़े इसको लेकर 18 दिसंबर को भवन निर्माण कामगार यूनियन जिला कमेटी हिसार उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी और समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उपायुक्त कार्यालय पर ही पड़ाव डाला जाएगा। जब तक निर्माण मजदूर की समस्याओं का हल नहीं होगा तबतक पडाव जारी रहेगा। इसके साथ-साथ मीटिंग में यह भी निर्णय लिया गया की 18 दिसंबर के पड़ाव की तैयारी को लेकर प्रत्येक गांव में प्रत्येक ब्लॉक में यूनिट कमेटी की मीटिंग की जाए प्रत्येक निर्माण मजदूर की सदस्यता अभियान चलाकर की जाए और हजारों की संख्या में निर्माण मजदूर 18 दिसंबर के महापड़ाव मे उपायुक्त कार्यालय पर बढ़ चढ़कर भाग लेगा।




# सरपंच सवांद से देश भर में मज़बूत होगी हरियाणा के गॉवों की आवाज़





पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 19 नवम्बर :** हिसार जिले में भारतीय गुणवत्ता परिषद के द्वारा सरपंच संवाद का कार्यक्रम रखा गया, जिसे जिले भर से सरपंच ने भागीदारी की। भारतीय गुणवत्ता परिषद ने गुणवत्ता वाले गॉव बनाने के मक़सद से शुरू किया गया सरपंच संवाद का सकारात्मक असर जल्द हरियाणा में देखने को मिलेगा ।

भारतीय गुणवत्ता परिषद के रिसोर्स पर्शन के तौर पर प्रोफ़ेसर सुनील जागलान पूर्व सरपंच बीबीपुर ज़िला जींद ने क्वॉलिटी विलेज के तौर पर उनके बीबीपुर मॉडल ऑफ विमेन एम्पॉवरमेंट एंड विलेज डवलेपमेंट को सरपंचों को समझाया कि किस तरह वो भी अपने साधारण गॉव को अन्तर्राष्ट्रीय ब्रॉड गॉव बना सकते हैं ।

सुनील जागलान ने बताया कि भारतीय गुणवत्ता परिषद के चैयरमैन ज़क्षय शाह का यह सपना है कि हर गॉव क्वालिटी विलेज में तबदील हो सके और इसके लिए हम पूरे देश भर में सरपंच संवाद कर रहे हैं और सरपंच संवाद ऐप के माध्यम से कोई भी सरपंच अपने गॉव के विकास कार्य को देश भर मे पहुँचा सकता है । सरपंच संवाद ऐप का लक्ष्य एक डिजिटल नेटवर्क बनाना और पूरे भारत में लगभग 2.5 लाख सरपंचों को जोड़ना है, जो नेटवर्किंग, ज्ञान के प्रसार एवं सहयोग के लिए एक विशेष और सुविधाजनक एकल मंच प्रदान करता है।

एप्लिकेशन सरपंचों को सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने, गांवों में किए गए विकास कार्यों को प्रदर्शित करने, सरपंचों की रुचियों एवं जरूरतों के अनुरूप सामग्री की खोज करने, सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने, प्रशिक्षण मॉड्यूल से सीखने और विशेषज्ञों से सुझाव लेने में सहायता प्रदान करेगा।

सरपंच संजय गॉव कुवांरी ने कहा कि सरपंच सवांद हमारे गॉवो के विकास व उनकी गुणवत्ता के लिए महत्वपूर्ण कदम है। हम पिछ्ले लम्बे समय से सुनील जागलान के बीबीपुर मॉडल के बारे में लगाकर सुन रहे हैं तथा हमें भी अपने गॉवो में बीबीपुर मॉडल के द्वारा क्वालिटी विलेज बनाना चाहिए। सरपंच सुनीता भ्याण गॉव सरसौद ने कहा कि भारतीय गुणवत्ता परिषद का यह कदम सरपंच की कार्यशैली में बदलाव के लिए बहुत सकारात्मक कदम है। भारतीय गुणवत्ता परिषद की दीपाली ने कहा कि हरियाणा के गॉवों के लिए सरपंच संवाद बहुत ज़्यादा ज़रूरी है क्योंकि इससे उन्हें बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी। हिसार जिले में क्वॉलिटी विलेज की तरफ़ पंचायत को लेकर जाने वाले सरपंचों को भारतीय गुणवत्ता परिषद की तरफ़ से सम्मानित भी किया गया।

### भारतीय गुणवत्ता परिषद् (क्यूसीआई) के बारे में

*भारतीय गुणवत्ता परिषद् (क्यूसीआई) की स्थापना भारत सरकार द्वारा फरवरी 1996 में एक कैबिनेट निर्णय के बाद, भारतीय उद्योग क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले तीन प्रमुख संघों (फिक्की, सीआईआई और एसोचैम) के सहयोग से, राष्ट्रीय प्रत्यायन के लिए एक संरचना बनाने हेतु की गई। इसका गठन पीपीपी मॉडल पर एक स्वायत्त निकाय के रूप में किया गया है।*

# जुमला साबित हुआ निजी क्षेत्र की नौकरियों में आरक्षण : कुमारी सैलजा

## जजपा के वादे को पूरा करने की शुरू से ही नहीं थी भाजपा की मंशा, जानबूझकर इतना कमजोर कानून बनाया, जो हाई कोर्ट में टिक नहीं पाया



पाठकपक्ष न्यूज

**चंडीगढ़, 19 नवम्बर :** अखिल भारतीय कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र की नौकरियों में आरक्षण देने का वायदा सिर्फ जुमला था। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में यह कानून टिक नहीं पाएगा, यह सभी को पता था। अपनी सहयोगी जजपा का चुनावी वादा पूरा न होने देने की मंशा से भाजपा ने कानून बनाते समय जानबूझकर खामियां छोड़ी थी। भाजपा तो शुरू से ही नहीं चाहती थी कि यह कानून बने और फिर प्रदेश में लागू हो।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन प्रदेश और प्रदेश के लोगों के भले के लिए नहीं है। यह प्रदेश के संसाधनों की लूट-खसोट में हिस्सेदारी के लिए है। इनका मकसद कभी भी आम जन का भला करना नहीं रहा। ये शुरू से ही अपने-अपने हित साधने की कोशिश में जुटे हुए हैं। इसलिए जनहित को ध्यान में रखते हुए आज तक अपने चुनावी वायदे पूरे नहीं कर पाए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 में सत्ता में आई भाजपा सरकारी नौकरियों में दूसरे प्रदेशों के युवाओं को खुलकर भर्ती करती रही है। अब तो दूसरे प्रदेशों के आवेदकों को आर्थिक आधार पर अतिरिक्त अंक देने का ऐलान भी कर चुकी है। इससे साफ है कि हरियाणवियों के रोजगार पर डाका डालने की इनकी नीयत है। जो सरकार अपने प्रदेश की सरकारी नौकरियों में यहां के युवाओं को भर्ती नहीं करना चाहती, वह निजी क्षेत्र में आरक्षण की पक्षधर हो भी नहीं सकती।

कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने निजी क्षेत्र की नौकरियों में आरक्षण के नाम पर हरियाणा के युवाओं को पिछले 4 साल के दौरान खूब बहकाया। 75 प्रतिशत आरक्षण का कानून महज़ एक धोखा था। हाई कोर्ट द्वारा आरक्षण रद्द के फैसले ने साबित कर दिया कि गठबंधन सरकार केवल युवाओं को पथ भ्रमित करने पर लगी थी। सरकार कोर्ट में यह साबित ही नहीं कर पाई कि संविधान के किस अनुच्छेद के तहत यह बिल लाया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इससे साफ है कि सरकार की मंशा आरक्षण बिल के प्रति ईमानदार नहीं थी और न ही पैरवी अच्छे ढंग से पैरवी की गई। इनकी मंशा ठीक होती तो पहले संसद की मंजूरी के साथ बिल लाते। इनका उद्देश्य केवल और केवल युवाओं की आंखों में धूल झोंकना था।

# जेसीडी में सतिंदर सरताज ने अपनी आवाज के जादू से किया मंत्र मुग्ध : अर्जुन चौटाला

## विद्यार्थी जीवन में बेहतर शिक्षा के साथ-साथ मनोरंजन एवं अन्य गतिविधियां भी जरूरी : डॉक्टर ढींडसा









पाठकपक्ष न्यूज

**सिरसा, 19 नवम्बर :** विश्व विख्यात पंजाबी कलाकार सतिंदर सरताज ने जेसीडी विद्यापीठ, सिरसा में अपनी आवाज के जादू से बेसब्री से इंतजार कर रहे अपने सभी प्रशंसकों को मंत्र मुग्ध किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेसीडी विद्यापीठ के चेयरमैन अर्जुन सिंह चौटाला थे। इस अवसर पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती जैसमीन कौर भी उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक डॉक्टर कुलदीप सिंह ढींडसा द्वारा की गई।


बतौर मुख्यातिथि श्री अर्जुन चौटाला ने सर्वप्रथम इस कार्यक्रम के आयोजक मैग्नस इमिग्रेशन प्राइवेट लिमिटेड की सम्पूर्ण टीम को बधाई देते हुए जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक और उनकी पूरी टीम का भी अनुशासनात्मक तरीके से इसका आयोजन करवाने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने पंजाबी कलाकार सतिंदर सरताज की तारीफ करते हुए कहा कि इस पंजाबी कलाकार के पास उपलब्धियों की एक अभूतपूर्व सूची है और वह अपनी कला में सबसे आगे हैं और सबके लिए एक सच्ची प्रेरणा हैं। एक कलाकार के रूप में वह जीवन के अर्थ और गहरी भावनाओं की अंतर्दृष्टि के साथ अपने प्रशंसकों को उत्साहित, प्रबुद्ध, नेतृत्व और गले लगाते हैं। उनकी कविता में पैतृक मूल्य गहरे तक समाहित नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि सतिंदर सरताज ने अपने शब्दों और गीतों की ताकत और सुंदरता से दर्शकों को आज मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके द्वारा गाए गए गीतों ने सभी दर्शकों की आत्माओं को आंदोलित कर दिया और सबके शरीर में और ज्यादा ऊर्जा भर दी। उनकी मधुर आवाज को सुनकर सबका मन आनंदित हो गया ।

इस अवसर पर डॉ कुलदीप सिंह ढींडसा ने अपने संबोधन में इस सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि पधारे युवा नेता श्री अर्जुन चौटाला का स्वागत करते हुए इस आयोजन में पधारे शहर एवं आसपास के लोगों का भी अभिनन्दन करते हुए कहा कि जेसीडी विद्यापीठ में अनुशासन की एक रीत कायम है इसीलिए यहां के विद्यार्थियों के साथ-साथ बाहर से आएं हुए अतिथियों ने जो इस कार्यक्रम में अनुशासन की हमारी परम्परा को कायम रखा है उसके लिए हम उनका आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में बेहतर शिक्षा के साथ-साथ मनोरंजन एवं अन्य गतिविधियां भी जरूरी हैं।

इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक एवं अंतर्राष्टीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक प्रोफेसर डॉक्टर कुलदीप सिंह ढींडसा ने बताया कि इस लाइव कंसर्ट के लिए प्रवेश केवल टिकट से की हुआ। उन्होनें कहा कि 'सतिंदर सरताज' ने अपने कई ज्यादा हिट गाने गाए, मगर उनके पहले गाए गए सबसे प्रसिद्ध 'साईं' पर सब दर्शक झूम उठे। 'सतिंदर सरताज' ने लाइव कंसर्ट के दौरान अपना खास तरह का पहनावा और उनके खास तरह से बैठकर गाने को सभी प्रशंसकों ने पसंद किया। डॉक्टर ढींडसा ने बताया कि यह प्रोग्राम 3 घंटे तक चला लेकिन उनके प्रशंसक उनको और भी ज्यादा समय सुनना चाहते थे क्योंकि सतिंदर सरताज की आवाज में ऐसा जादू है जो सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। डॉक्टर ढींडसा ने बताया कि सतिंदर सरताज सरताज उन युवा गायकों में से एक हैं जो औपचारिक शिक्षा की कठिनाइयों से गुजरे हैं।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि अर्जुन सिंह चौटाला द्वारा पंजाबी कलाकार सतिंदर सरताज को शॉल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सिरसा जिले के अनेक प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद, क़ानून अधिकारी , मनिंदर पाल सिंह बराड़ , कश्मीर सिंह करीवाला, मनोज सचदेवा, भगवान सिंह कोटली, प्रदीप गोदारा, डॉ सुधांशु गुप्ता, संदीप च्योल, अभिषेक च्योल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दर्शकों में सरताज के साथ तस्वीरें लेने की होड़ सी मच गई।

# मनुष्य का शरीर पंचकोशीय होता है : बड़ाला





पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 19 नवम्बर :** मनुष्य के शरीर में पंचकोश होते हैं। अन्नमयकोश, प्राणमय कोश, विज्ञानमय में कोश, मनोमय कोश और आनंदमय कोष। सर्वप्रथम मनुष्य के स्थूल शरीर का निर्माण अन्न से होता है। अतः इसे अन्नमय कोष कहा जाता है। इसी प्रकार से शरीर में पांच प्राण तथा पांच उप प्राणों से ऊर्जा का संचार होता है तथा विभिन्न प्रकार के ज्ञान विज्ञान से जानकारी का संचय होता है। मनुष्य के सूक्ष्म शरीर का निर्माण मनोमय कोश से होता है तथा जब इस शरीर का निर्माण चारों कोशो के सही संतुलन से हो जाता है तो आनंदमय कोष का निर्माण भी स्वाभाविक रूप से हो जाता है। इस प्रकार से शरीर को हमें केवल मात्र स्थूल रचना नहीं समझना चाहिए। इस शरीर के अंदर सूक्ष्म शरीर अथवा सूक्ष्म अंगों का अत्यधिक महत्व रहता है। यह बात गत दिवस नलवा गांव के बी सी जिंदल कम्युनिटी सेंटर हॉल में ग्रामीणों को योग सिखाते हुए पतंजलि योग समिति हिसार के जिला प्रभारी वीरेंद्र बडाला ने बताई।

उन्होंने कहा कि मनुष्य का बाह्य शरीर ठीक उसी प्रकार से है जैसे कंप्यूटर में हार्डवेयर होता है तथा आंतरिक शरीर अथवा सूक्ष्म शरीर इस प्रकार काम करता है जैसे सॉफ्टवेयर काम करता है तथा शरीर के हार्डवेयर को ठीक करने अथवा सुडौल बनाने के लिए आसन, व्यायाम, योगिक जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, दौड़, उछल कूद, दंड बैठक का अभ्यास किया जाता है तथा आंतरिक शरीर अथवा सॉफ्टवेयर को ठीक रखने के लिए प्राणायाम, ध्यान एवं साधना का अभ्यास किया जाता है। अतः मनुष्य को शारीरिक, आत्मिक, सामाजिक, संवेगात्मक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक आदि सभी पक्षों को स्वस्थ रखने के लिए योग की सभी विधाओं आसन, प्राणायाम, ध्यान, एक्सरसाइज, योग जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, दंड बैठक आदि सभी का प्रतिदिन अभ्यास करना चाहिए। प्रतिदिन एक घंटा योगाभ्यास तथा बाकी समय पूर्ण पुरुषार्थ में लगाना चाहिए। हमें पल भर भी अपनी ब्रह्म चेतना से नीचे नहीं आना चाहिए। हमेशा उच्च चेतना में जीना चाहिए। ऐसा करने से मनुष्य हर समय ऊर्जावान रहता है। आज के योगाभ्यास में आसन, प्राणायाम, योगिक जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, जल नेति, रबड़ नेति करवाइ। उन्होंने बताया कि नेति क्रियाएं करने से कान, नाक, गले से संबंधित अंगों का शुद्धिकरण होता है तथा इन से संबंधित समस्त व्याधियों दूर हो जाती हैं। अतः प्रतिदिन षट्कर्म की क्रियाओं का भी अभ्यास अवश्य करना चाहिए तथा खानपान का विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि फल तथा सलाद आदि कच्ची खाद्य सामग्री पके हुए भोजन से पहले खानी चाहिए। उसके बाद पका हुआ भोजन खाना चाहिए। इससे भोजन सही पचता है तथा सभी सातों प्रकार के रस सही मात्रा में बनते हैं।

यज्ञ के बारे में प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यज्ञ हमारे ऋषि मुनियों की परंपरा का आधार तथा गौरव है। प्राचीन काल में ऋषि मुनि प्रतिदिन यज्ञ करने के बाद ही भोजन ग्रहण किया करते थे। कालांतर में यह परंपरा कुछ कम हो गई थी। परंतु वर्तमान काल में योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के मार्गदर्शन में पतंजलि योगपीठ के माध्यम से यज्ञ पैथी का भरपूर प्रयोग रोगों के उपचार में भी किया जा रहा है। यज्ञ के द्वारा बहुत से रोगों का निराकरण किया जा रहा है। अतः हमें रोग के अनुसार औषधियों की आहुति देकर प्रतिदिन यज्ञ भी करना चाहिए। उन्होंने बताया कि कल रविवार को बी सी जिंदल फाउंडेशन हाल में एक सामूहिक यज्ञ भी करवाया जाएगा। जिसमें वैदिक रीति रिवाज से यज्ञ करना सिखाया जाएगा। इस अवसर पर मास्टर जय भगवान, मास्टर मुंशी राम, ज्ञानी राम, सुंदर सिंह टेंट हाउस,रोहतास, सुभाष वर्मा, नैना, मैना, पायल, ईशा, धर्म सिंह, अंकुश, अमन, मयंक, नेहा, कुलदीप, पूनम, धर्मसिंह , विनय, रमेश, चन्दरभान, सागर, समीर, लीलू राम, नितिन, ममता, कृष्ण कांत, रामनारायण, प्रीती, सारिका, योगेश आदि योग साधक उपस्थित थे।

# दुबई व गोवा की प्रतियोगिता में मैडल जीत कर लाई हरियाणा की दोनों छोरियां



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 19 नवम्बर :** हिसार के ग्रामीण पृष्ठ से सबंध रखने वाली पेंचक सिलात नैशनल गैमस में राजली निवासी सोनिया व बुगाना निवासी सिमरन गोल्ड मैडल जीत हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। सीनियर वर्ग नैशनल गेम्स गोवा में सोनिया प्रजापति ने एक गोल्ड व एक सिल्वर, सिमरन प्रजापति ने दो गोल्ड मैडल जीते है। आपको बता दे कि दोनों के आर्थिक स्तर पर मजबूत नही है और दोनों के पिता मजदूरी की काम करते है दोनों ने नौकरियों के लिए हरियाणा सरकार में एपलाई किया हुआ है परंतु इतने मैडल जीतने के बाद भी दोनों को नौकरियां नही मिली है। दोनों खिलाड़ियों की मांग है कि उनकी योग्यता के आधार पर खेल कोटे में नौकरी दी जानी चाहिए। दोनों खिलाड़ी हिसार में कौर जिम के संचालक श्री अमन वर्मा से फिटनैस की ट्रैनिग ले रही है पेंचकसिलात के कोच विनोद कुमार से मिलगेट में सुबह शाम प्रशिक्षण ले रही है।

**कौन से मैडल जीते मैडल जीते**

पच्चीस अकतूबर से नवबर तक गोवा में नैशनल गेम्स का आयोजन किया गया था जिसका उद्घाटन देश के प्रधान मंत्री नरेद्र मोदी ने किया था। इस प्रतियोगिता मे सोनिया प्रजापति ने एक गोल्ड व एक सिल्वर, सिमरन प्रजापति ने दो गोल्ड मैडल जीत कर हिसार जिले का नाम रोशन किया है। हाल भी दुबई में 9 नवंबर से 12 नवंबर को दुबई मे ऐशियन चैपियन शिप का आयोजन किया था जिसमें सोनिया ने दो कास्य पदक व सिमरन ने कास्य पदक जीतकर भारत देश का नाम रोशन किया है। इससे पहली भी दोनों ने महाराष्ट्र व श्री नगर में आयोजित पेंचक सिलात खेल प्रतियोगिता में मैडल जीते है एशियाई खेलो में दोनो खिलाड़ी भाग ले चुकी है। दोनो खिलाड़ी जालंधर से एमपीएड से डिग्री हासिल कर चुकी है।

**प्रशिक्षकों का कहना है**

पेंचक सिलात इटर नैशनल कोच विनोद वर्मा व कोर जिम के संचालक फिटनैस के बाडी गुरु अमन वर्मा ने कहा कि दोनों खिलाड़ी अपने खेल में शुरु से माहीर है दोनों की खेल में टैकनीकल स्तर पर अच्छी पकड़ है और दोनों राष्ट्रीय व अतंरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओ में मैडल जीत कर भारत व हरियाणा का नाम रोशन कर चुकी है।

**दोनों को अभी तक सरकारी नौकरियां नहीं मिली हैं**

सोनिया व सिमरन ने एमपीएड की डिग्री ले चुकी है तथा अतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कई गोल्ड मैडल जीत चुकी है। दोनों ने बताया कि हरियणा सरकार में खेल कोटे के आधार पर अप्लाई किया हुआ है परतु सरकार में नौकरी नहीं मिली है उनकी सरकार से मांग है उन्हें हरियाणा सरकार में खेल योग्यता के आधार पर नौकरियां दी जानी चाहिए। दोनों खिलाडियों ने बताया कि आर्थिक स्तर पर मजबूत नहीं है उनके पिता मजदूरी का काम करते है फिर भी वे मेहनत करके खेल में देश के लिए मैडल जीत कर ला रही है।

# हरियाणा टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन 2023 का आयोजन 27 नवंबर से 02 दिसंबर तक

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 19 नवम्बर : प्रतिभाशाली बच्चों को मंच प्रदान करने और उनकी प्रतिभा को निखारने हेतु हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड और बाल कल्याण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन 2023 (एचटीएसई) का आयोजन 27 नवंबर से 02 दिसंबर तक किया जा रहा है, जिसमें 5वीं से 12वीं कक्षा तक के छात्र व छात्राएं भाग ले सकते है।

यह जानकारी देते हुए हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अभिजीत कुलकर्णी ने बताया कि इस प्रतियोगिता परीक्षा प्रदेशभर के एचकेसीएल लर्निंग सेंटरों पर ऑनलाइन मोड में आयोजित की जाएगी और परीक्षा का परिणाम 05 दिसंबर को घोषित किया जाएगा। साथ ही 16 दिसंबर को परितोषिक वितरण होगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले वर्ष 2018, 2019 और 2021 में भी एचकेसीएल द्वारा बड़े स्तर पर इस परीक्षा का आयोजन प्रदेशभर में करवाया जा चुका है। यह परीक्षा छात्रों को उनकी सीखने, समस्या समाधान कौशल, आत्मविश्वास को बढ़ाने से लेकर विद्यार्थी के समग्र विकास में मददगार साबित हुई है।

**विभिन्न श्रेणियों में आयोजित होगी परीक्षा**

एमडी अभिजीत कुलकर्णी ने बताया कि पांचवी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी, हिंदी, विज्ञान, सामान्य ज्ञान, गणित, मानसिक क्षमता, सामान्य कंप्यूटर ज्ञान, सामाजिक विज्ञान और रीजनिंग विषयों में यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा एक घण्टे की होगी और हिंदी व अंग्रेजी माध्यम में 80 मल्टीपल चॉइस प्रश्न पूछे जाएंगे।

**ऐसे करवा सकते हैं रजिस्ट्रेशन**

कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक का कोई भी विद्यार्थी इस परीक्षा में भाग ले सकता है। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थी एचकेसीएल के नजदीकी लर्निंग सेंटर पर जाकर 150 रूपए पंजीकरण शुल्क के साथ अपना रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) करवा सकते हैं। नजदीकी केंद्र की जानकारी के लिए एचकेसीएल की वेबसाइट एचकेसीएल डॉट इन को विज़िट कर सकते हैं।

**मैडल, प्रमाण पत्र और आकर्षक उपहारों से होंगे सम्मानित**

राज्य स्तर पर प्रत्येक ग्रुप के सर्वश्रेष्ठ पांच छात्रों को मेडल, सर्टिफिकेट व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। नकद पुरस्कार में प्रथम स्थान पर 5100 रुपये, द्वितीय स्थान पर 4100 रुपये, तृतीय स्थान पर 3100 रुपये, चतुर्थ स्थान पर 2100 रुपये व पांचवें स्थान पर 1100 रुपये दिए जाएंगे। जिला स्तर पर प्रत्येक ग्रुप के सर्वश्रेष्ठ तीन विद्यार्थियों को मेडल, सर्टिफिकेट व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, वहीं परीक्षा में सम्मलित सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

# बाबा श्री खाटूश्याम जी है सम्पूर्ण जगत के दुख हर्ता व कष्टहर्ता : रामनिवास राड़ा हिसार

## रामलीला चौक, महावीर कॉलोनी में आयोजित विशाल जागरण में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे रामनिवास राड़ा



महावीर कॉलोनी में श्री खाटूश्याम जी के भव्य दरबार में उपस्थित कांग्रेस नेता रामनिवास राड़ा व साथ में पूर्व चेयरमैन बिहारी लाल राड़ा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते समिति के समस्त सदस्यगण।

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 19 नवम्बर : विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी,वरिष्ठ नेता व प्रमुख समाजसेवी रामनिवास राड़ा ने कहा की बाबा श्री खाटूश्याम जी सम्पूर्ण जगत के दुख हर्ता व कष्ट हर्ता है। यह बात कांग्रेसी नेता ने महावीर कॉलोनी के रामलीला चौक मे समस्त कॉलोनी वासियों द्वारा आयोजित विशाल जागरण में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर कही। उनके साथ नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन बिहारी लाल राड़ा भी बतौर अतिथि शामिल हुए। राड़ा का जागरण में पहुंचने पर समिति के सभी सदस्यों द्वारा फूल मालाएं पहनाकर व पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। राड़ा द्वारा सर्वप्रथम बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर जागरण का शुभारम्भ करवाया गया। राड़ा ने वहाँ उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा की हम सभी को बाबा श्री खाटूश्याम जी की घर में नियम से पूजा अर्चना करनी चाहिए क्यूंकी बाबा सम्पूर्ण जगत के दुख हर्ता व कष्ट हर्ता है। बाबा को शिष दानी भी कहा जाता है। राड़ा ने कहा की घर में सुख, शांति का वास रखने के लिए हमें नियम से भगवान की पूजा अर्चना करनी चाहिए व अपने बड़े बुजुर्गों तथा माता पिता की सेवा करनी चाहिए। जिस घर में बड़े बुजुर्ग व माता पिता खुशहाल होते है उस घर में भगवान का वास हमेशा रहता है। राड़ा ने समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद करते हुए कहा की ऐसा सुंदर व विशाल आयोजन से सभी क्षेत्रवासियों को इसका पूर्ण लाभ होगा और ऐसे आयोजन क्षेत्र की शुद्धि के लिए होते रहने चाहिए ताकि सम्पूर्ण क्षेत्र वासियों पर भगवान की असीम कृपा, दया, दृष्टि व आशीर्वाद बना रहे और सभी स्वस्थ व खुशहाल जीवन व्यतीत करें। अंत में सम्बोधन में राड़ा ने सभी समिति सदस्यों का भरपूर मान सम्मान के लिए आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन बिहारी लाल राड़ा सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर डोगरान मोहल्ला में युवा एकता संगठन द्वारा आयोजित माँ दुर्गा जी के विशाल जागरण में बतौर विशिष्ठ अतिथि शामिल हुए हिसार यूवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहित रामनिवास राड़ा। रोहित राड़ा द्वारा माता रानी की ज्योत प्रज्वलित कर सभी के स्वस्थ व खुशहाल जीवन की कामना की गई।

# महान व्यक्तित्व के धनी, बहुमुखी प्रतिभा संपन्न, मिलनसार, सहृदय, समाज सेवा में समर्पित सुदर्शन गुप्ता

## सुदर्शन गुप्ता का जन्मदिवस की शुभकामनाएं

-पाठकपक्ष डेस्क-



एक महान व्यक्तित्व के धनी, बहुमुखी प्रतिभा संपन्न, मिलनसार, सहृदय,समाज सेवा में समर्पित एक ऐसे व्यक्ति के बारे में बताना चाहूंगा जो मेरे पड़ोसी ही नहीं हैं बल्कि मेरे जीवन में पिछले दो सालों से अहम स्थान रखने वाले और जीवन को एक अलग दिशा प्रदान करने वाले इंसान हैं। गुप्ता जी का जन्मदिन 19 नवंबर को आता है। 19 तारीख को ये 76 वर्ष के हो जाएंगे। इनको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। श्री गुप्ता जी ने बिरला ग्रुप ऑफ इंडस्ट्री में काफी लंबे समय तक सेवाएं दी है और इसी दौरान भारत के लगभग हर महत्वपूर्ण शहर और स्थान को करीब से देखा और समझा है। इनकी लेखनी उमर के इस पड़ाव में भी बहुत सटीक और उत्तम है। अपने जीवन में आगे बढ़ते हुए अपने सभी बच्चों (बेटे और बेटियों) को शिक्षित करके कामयाबी के शिखर तक पहुंचाया। श्री गुप्ता जी एक अच्छे लेखक, एक अच्छे वक्ता, एक अच्छे भजन गायक के रूप मेंभी प्रसिद्ध हैं। विभिन्न प्रकार के अखबारों में उनके लेख, उनकी टिप्पणियां, उनके यात्रा वृतांत एवं संस्मरण लेख आते रहते हैं। युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी श्री सुदर्शन गुप्ता हिसार के बारे में, उनके इतिहास एवं विभिन्न स्थानों के बारे में, हर गली हर मोहल्ले के बारे में अटूट और सटीक जानकारी रखते हैं। इनकी याददास्त जबरदस्त है। ऐसे महान व्यक्तित्व के बारे में लिखना या बताना मेरे सामर्थ्य से बाहर है। इनकी दैनिक जीवन चर्या अतुलनीय है। उसमें किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरतते। प्रातः काल जल्दी उठकर पार्क जाना और वहां दोस्तों की मंडली में बैठकर भजन गाना, सेहत का ख्याल रखना, खाने पीने के शौकीन होने के बावजूद भी खाने के नियमों का पालन करना कोई इनसे सीखे। मैं इनके उज्जवल भविष्य और इनके दीर्घायु होने की कामना करता हूं। भगवान से प्रार्थना करता हूं कि यह हमेशा स्वस्थ रहे मस्त रहें। जन्मदिन दिवस की हार्दिक शुभकामनाओं सहित।

-डॉ. सुभाष
572, एचबीसी सिरसा रोड।
हिसार।
9416329328

# कुम्हार धर्मशाला में भारत में गरीबी मुक्ति का नारा देने वाली देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की 106 जयंती मनाई गई : भूपेंद्र गंगवा



पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 19 नवम्बर : आज बरवाला विधानसभा क्षेत्र 12 क्वार्टर रोड कुम्हार धर्मशाला में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की 106 जयंती मनाई गई। इस मौके पर भूपेंद्र गंगवा मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित हुए। गंगवा ने अपने संबोधन में कहा भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एक अजीम शख्यियत थीं। उनके भीतर गजब की राजनीतिक दूरदर्शिता थी। इंदिरा गांधी जी का जन्म 19 नवंबर, 1917 को हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को राजनीति विरासत में मिली थी और ऐसे में सियासी उतार-चढ़ाव को वह बखूबी समझती थीं। वह सबसे पहले लाल बहादुर शास्त्री के मंत्रिमंडल में सूचना एवं प्रसारण मंत्री बनीं। शास्त्री जी के निधन के बाद 1966 में वह देश के सबसे शक्तिशाली पद 'प्रधानमंत्री' पर आसीन हुईं। गंगवा ने कहा एक समय 'गूंगी गुडिया' कही जाने वाली इंदिरा गांधी बहुत से महत्वपूर्ण प्रस्ताव को पारित कराने में सफलता हासिल करने, बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने जैसा साहसिक फैसला लेने और पृथक बांग्लादेश के गठन और उसके साथ मैत्री और सहयोग संधि करने में सफल होने के बाद बहुत तेजी से भारतीय राजनीति के आकाश पर छा गईं। गंगवा ने कहा वर्ष 1975 में आपातकाल लागू करने का फैसला करने से पहले भारतीय राजनीति एक ध्रुवीय सी हो गई थी जिसमें चारों तरफ इंदिरा ही इंदिरा नजर आती थीं। इंदिरा की ऐतिहासिक कामयाबियों के चलते उस समय देश में ' इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा ' का नारा जोर-शोर से गूंजने लगा। इंदिरा गांधी उस वक्त राजनीति एक ध्रुवीय हो गई थी। उनकी शख्सियत इतनी बड़ी हो गई थी कि उनके सामने कोई दूसरा नजर नहीं आता था। अपने व्यक्तित्व को व्यापक बनाने के लिए उन्होंने खुद भी प्रयास किया। इंदिरा के बारे में सबसे सकारात्मक बात यह है कि वह राजनीति की नब्ज को समझती थीं और अपने साथियों से उनका बेहतरीन तालमेल था। गरीबी मुक्त भारत इंदिरा जी का एक सपना था। इस अवसर पर सूरत सिंह यादव, सुभाष जांगड़ा, सुरेश कुमार, पंडित ज्ञानी राम, पालेराम, जीतू, सुभाष फौजी, बलवंत सिंह, चतर सिंह सैनी, जय सिंह सैनी, साधुराम, बदलू राम यादव, राजू, प्रकाश, राजू सहाराण, हरिचंद, कृष्ण मांजू, श्रीमती विमला देवी, कमलेश देवी, सुमन देवी, परमेश्वरी देवी, शांति देवी, राजबाला, हर्षिता, कपिल सैनी, कृष्ण सैनी, जगदीश बागड़ी, हवा सिंह पूनिया, राजेंद्र चंगिया, बनी सिंह, बबलू, हितेश, बलराज पूनिया, देवी लाल मलिक, ईश्वर मलिक, रामधन शर्मा, बलवीर फौजी, प्रवीण सैनी, नंदकिशोर, अशोक शर्मा, केवल राम, अजय चोपड़ा, सूरजभान, रामकुमार, जयकरण, चंदगी राम, दया सिंह, महेंद्र सिंह, रामलाल, संदीप शर्मा आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# डॉक्टरी बना कारोबार, 'झोलाछाप' कर रहे उपचार

-पाठकपक्ष डेस्क-

पूरी दुनिया में डॉक्टर भगवान् के रूप में लोगों को नज़र आये है और ऐसा हो भी क्यों न? दूसरों को निस्वार्थ भाव से जिंदगी उपहार देने वाले भगवान ही तो है। मगर सरकारी आँकड़ों के अनुसार भारत के 1।3 बिलियन लोगों के लिये देश में सिर्फ 10 लाख पंजीकृत डॉक्टर हैं। इस हिसाब अगर देखा जाये तो भारत में प्रत्येक 13000 नागरिकों पर मात्र 1 डॉक्टर मौजूद है। जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस संदर्भ में 1:1000 अनुपात को जायज़ और जरूरी मानता है, यानी हमारे देश में प्रत्येक 1000 नागरिकों पर 1 डॉक्टर होना अनिवार्य है। लेकिन ऐसा करने के लिए भारत को वर्तमान में मौजूदा डॉक्टरों की संख्या को कई गुना करना होगा। जहाँ एक ओर शहरी क्षेत्रों में 58 प्रतिशत योग्य चिकित्सक है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह आँकड़ा 19 प्रतिशत से भी कम है। योग्य चिकित्सकों के अभाव में देश में में झोलाछाप डाक्टरों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इन झोलाछाप डॉक्टरों के कारण मरीजों की जान सासत में है। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग आखें मूंदे बैठा है। विभाग की अनदेखी के कारण झोलाछाप डाक्टर चाँदी कूट रहे है। गाँवों में तो ये स्थिति और भी बदतर है। भारत के प्रत्येक गाव में कई-कई झोलाछाप डाक्टर मरीजों को लूट रहे हैं। यह धधा इतना चंगा हो गया है कि लोग धड़ल्ले से इस व्यवसाय में एंट्री कर रहे है। गावों में इस प्रकार के झोलाछाप डाक्टर सरेआम क्लीनिक चलाकर लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी से देश में बड़ी संख्या में झोलाछाप पनप रहे हैं। गांवों से लेकर शहरों तक हर जगह ऐसे डॉक्टर क्लीनिक खोलकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं, जिनके पास मेडिकल की डिग्री तक नहीं है। अधिकांश डॉक्टर तो इंटरमीडिएट या स्नातक पास होते हैं। मरीजों की हालत बिगड़ने पर शहर के किसी निजी अस्पताल में रेफर कर देते हैं। इसका इनको कमीशन भी मिल जाता है। इस कमीशन का भार भी मरीज पर पड़ता है। माने तो इन झोलाछाप का धंधा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मेहरबानी से चल रहा है। इन अवैध कारोबारियों पर स्वास्थ्य महकमे के आला अधिकारियों की अनदेखी से इनके गोरखधंधे पर कोई आंच नहीं आती। इन झोलाछाप डॉक्टरों (वे डॉक्टर जो न तो पंजीकृत हैं और न ही उनके पास उचित डिग्री है) की संस्कृति हमारी स्वास्थ्य प्रणाली के लिये काफी खतरनाक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि भारत में 57.3 प्रतिशत डॉक्टर वास्तव में बिना मेडिकल डिग्री के हैं। और, यह आश्चर्य की बात नहीं है कि उनमें से ज्यादातर देश के ग्रामीण इलाकों में पाए जाते हैं।



**देशभर में खासकर गांवों में बिना जरूरी डिग्री वाले डॉक्टरों की भरमार है। कोई तीन-चार साल तक मेडिकल स्टोर पर काम करने के बाद डॉक्टर बन जा रहा है, तो किसी के पूर्वज इलाज करते आ रहे हैं। ये लोग मरीजों को दर्द निवारक दवाएं व इंजेक्शन की बदौलत तुरंत आराम तो दिला देते लेकिन इसका दुष्प्रभाव मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। ये झोलाछाप डॉक्टर (वे डॉक्टर जो न तो पंजीकृत हैं और न ही उनके पास उचित डिग्री है) नकली दवाओं के साथ इलाज कर मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे है। ऐसा भी देखा गया है कि कई झोलाछाप डाक्टर नशे के व्यापार से भी जुड़े हुए हैं। ऐसे में गावों में चल रहे ये क्लीनिक नशेड़ियों की पौध को पैदा करने में जुटे हुए है। मगर देश भर में प्रशासन को जानकारी के बावजूद इन पर नकेल कसने की कोई कार्रवाई अंजाम नहीं दी जाती।**

इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 1956, दिल्ली मेडिकल काउंसिल एक्ट 1997, ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 और ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स 1945 में कहा गया है कि केवल एक रजिस्टर्ड डॉक्टर ही एलोपैथिक दवा लिख सकता है। भारतीय चिकित्सा पद्धति के लिए, भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 कहता है कि भारतीय चिकित्सा पद्धति के अभ्यासी के अलावा कोई भी व्यक्ति जो किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा योग्यता रखता है और किसी राज्य रजिस्टर या भारतीय चिकित्सा के केंद्रीय रजिस्टर में नामांकित है, भारतीय में मेडिकल और किसी भी राज्य में मरीजों के लिए दवा लिखेगा। इसके अलावा यदि कोई अन्य ऐसा करता पाया तो उसके लिए इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट, 1956 में कारावास की सजा का उल्लेख है जो एक वर्ष तक का हो सकता है या जुर्माना जो 1,000 रुपये तक हो सकता है या दोनों हो सकता है, दिल्ली मेडिकल काउंसिल एक्ट, 1997 के तहत क्लॉज (27) में 'कठोर दंड' का उल्लेख किया गया है । इसमें तीन साल तक की कैद या 20,000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते है। भारतीय दंड संहिता भी इन मामलों को धारा 429 (प्रतिरूपण), 420 (धोखाधड़ी) और 120 बी (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत देखती है।

मगर इतना होने के बावजूद देश में ऐसा हो क्यों रहा है? इस धंधे के इतना फूलने- फलने का कारण सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की कमी है। साथ ही जो सरकारी मेडिकल अफसर है वो बड़े घरों से आते है और खासकर गांवों में मरीज देखना पसंद नहीं करते, जिसकी वजह से उनका ध्यान अपने प्राइवेट हॉस्पिटल पर ज्यादा रहता है। झोलाछाप का धंधा फलने फूलने के पीछे स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात डॉक्टरों की लापरवाही है। सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को समय से डॉक्टर नहीं मिलते। गावों के लोगों को सरकार द्वारा स्थापित स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को इन झोलाछाप डॉक्टरों की शरण में जाना पड़ रहा है। गांवों में बिना जरूरी डिग्री वाले डॉक्टरों की भरमार है। कोई तीन-चार साल तक मेडिकल स्टोर पर काम करने के बाद डॉक्टर बन जा रहा है, तो किसी के पूर्वज इलाज करते आ रहे हैं। ये लोग मरीजों को दर्द निवारक दवाएं व इंजेक्शन की बदौलत तुरंत आराम तो दिला देते लेकिन इसका दुष्प्रभाव मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। ये झोलाछाप डॉक्टर नकली दवाओं के साथ इलाज कर मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे है। ऐसा भी देखा गया है कि कई झोलाछाप डाक्टर नशे के व्यापार से भी जुड़े हुए हैं। ऐसे में गावों में चल रहे ये क्लीनिक नशेड़ियों की पौध को पैदा करने में जुटे हुए है। मगर देश भर में प्रशासन को जानकारी के बावजूद इन पर नकेल कसने की कोई कार्रवाई अंजाम नहीं दी जाती।

इन फर्जी डॉक्टरों द्वारा मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। देश भर में जगह-जगह बिना रजिस्ट्रेशन वाले डॉक्टर क्लीनिक चला रहे हैं। इतना ही नहीं क्लीनिकों के नाम बड़े शहरों के क्लीनिकों की तर्ज पर रखते है, जिससे लोग आसानी से प्रभावित हो जाते है। मरीज अच्छा डॉक्टर समझकर इलाज करवाते हैं,



लेकिन उन्हें इस बात का पता नहीं रहता है कि उनका इलाज भगवान भरोसे किया जा रहा है। फर्जी डाक्टरों ने इस धंधे को और लाभदायक बनाने के लिए निजी अस्पतालों से भी सांठगांठ कर रखी है। मरीज की हालत ज्यादा गंभीर होने पर वो उसे वहां भेज देते हैं, जहां से उन्हें कमीशन के तौर पर फायदा होता है। फर्जी डॉक्टरों का ग्रामीण क्षेत्रों में धंधा खूब फल-फूल रहा है। फर्जी डॉक्टर ग्राम स्तर पर शाखाएं जमाए हुए हैं और बड़े डॉक्टरों की तर्ज पर बिना संसाधनों के क्लीनिक चलाते हैं। फर्जी डॉक्टर वहीं दवा लिखते है जिनमें उन्हें कमीशन मिलता है। अक्सर ऐसे मामले देखने को मिलते है कि फर्जी डॉक्टरों के इलाज से मरीज की जान पर आफत आ जाती है।

हमारी शिक्षा प्रणांली भी ऐसे धंधों के को पनपाने में बराबर कि दोषी है। देश में हर साल कई फर्जी संस्थान हैं जो असंख्य फर्जी मेडिकल डिग्री सौंपते हैं। राजनेताओं के ऐसे निजी शिक्षा संस्थाओं से निहित स्वार्थ है जो इन सबको बढ़ावा दे रहे है। सरकार को ऐसे संस्थानों पर लगाम लगानी चाहिए। केंद्रीय स्वास्थय मंत्रालयों को देश भर में जिला प्रशासन के साथ मिलकर इन झोलाछाप डॉक्टरों पर नकेल कसनी चाहिए और लोगों को भी इस दिशा में स्वयं जागरूक होना चाहिए कि वो इन झोलाछाप के पास न जाकर अपने गांव के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाये। ग्रामीण पंचायतों को इस दिशा में ये प्रयास करना चाहिए कि उनके गांव में स्वास्थ्य केंद्र पर कोई स्टाफ और जरूरी चिकित्सा सेवा उपकरणों की कमी न हो। अगर ऐसा है तो वो सरकार से मांग कर उनको सर्वप्रथम पूरा करवाए। सरकारी चिकित्सिकों पर जहां ड्यूटी है वहां रात को भी रुकने की पाबंदी लगाई जाये। ग्रामीण क्षेत्र में सर्विस का नियम हर चिकित्सा कर्मी पर लागू कर उनके प्राइवेट प्रैक्टिस पर कानूनी पाबन्दी हो तो ये झोलाछाप स्वतः ही खत्म हो जाएंगे।

-प्रियंका सौरभ
(मो.) 7015375570

DHANWANTARI
Ayurvedic Centre
स्वस्थ भारत अभियान
- शुगर
- मोटापा
- बी.पी.
- कॉलस्ट्रोल
- जोड़ों का दर्द
- स्त्री रोग
- चमड़ी रोग
- पाचन रोग
- पुरूषत्व रोग
- सांस की एलर्जी
- नशे की आदत
- लीवर व किडनी रोग
- हृदय रोग
- एड्स
- थाईराईड
- घुटनों का दर्द
- नसों की ब्लोकेज
- बवासीर
- न्यूरो रोग



Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant
शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श
शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुडाया जाता है
डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रहमस्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज
बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।
गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।
इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।
अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें
हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।
M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road,
Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868



अब बर्तन
चाँदी से चमके

डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स
व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक,
बड़वाली ढाणी,
निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573

WORK FROM PHONE
Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000

# स्त्री आर्य समाज मंदिर चल रहे चतुर्वेद शतकम् पारायण यज्ञ में डाली आहुतियां



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 19 नवम्बर :** स्त्री आर्य समाज मंदिर डोगरान मौहल्ला हिसार के प्रांगण में चतुर्वेद शतकम् पारायण यज्ञ के तृतीय दिवस की सांयकालीन वेला में सामवेद के मंत्रों से आहुतियां प्रदान की गई। इस अवसर पर यज्ञ के ब्रह्मा डॉ. प्रमोद योगार्थी व आचार्य विश्वदेव ने सभी यज्ञार्थियों को उपासना के विषय में बहुत सुंदर उपदेश दिया। मनुष्य के जीवन का उद्देश्य परमपिता परमात्मा को प्राप्त करना है परन्तु सांसारिक बंधनों में फंसकर वह अपने उद्देश्य भूल जाता है और नाना प्रकार के कष्टों को सहता रहता है। पारायण यज्ञ में यजमान के रूप में आदरणीय श्री मदन वासुदेवा, रामकुमार आर्य,कुलदीप खेड़ा सपरिवार, सुरेश मदान-ऊषा, नीरू, ज्योति टुटेजा सपरिवार, प्रमोद लाम्बा - आदर्श,प्रेम गाबा, जगन्नाथ चुघ,अवनीश आर्य - अंजना, विनय मल्होत्रा - सीमा, महेन्द्र आर्य,अजय ऐलावादी, आचार्य जगतपाल शास्त्री सपरिवार आचार्य सत्यवान शास्त्री, सूर्यदेव वेदांशु सपरिवार, कर्मवीर शास्त्री, लालदेव शास्त्री, देवव्रत, सत्येन्द्र रावल सपरिवार, राजवर्मा सपरिवार,मांगेराम इत्यादि आर्य जनों श्रद्धा व समर्पण भाव से आहुतियां दी। स्त्री आर्य समाज की प्रधाना सिम्मी काठपाल, राकेश काठपाल, योगिता राजपाल, सत्या गक्खड,शशिकला, गीता चोपड़ा,वीना आर्या, अंजू ठकराल, शिवानी, गीता कांता, सुनीता नाशा, गीता मित्तल एवं समस्त आर्यजनों और माताओं - बहनों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# शहीद भगत सिंह संगठन समिति ने हांसी में बढ़ती चोरियों पर जताई चिंता

पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 19 नवम्बर :** शहीद भगत सिंह संगठन समिति के प्रधान सरदार कृष्ण इलावादी व महासचिव किशोरी नागपाल ने संयुक्त प्रैस जारी ब्यान में कहा कि पुलिस पूरी जिम्मेवारी निभाते हुए चोरों, ठगों, नशा बेचने वालों, अवैध शराब बेचने वालों को लगातार पकड़ रही है, लेकिन हांसी शहर में चोरियां रूकने का नाम नहीं ले रही है या तो चोरों की संख्या बढ़ गई है या नशे करने वाले पुलिस प्रशासन से डरते ही नहीं है। अभी पिछली चोरी का पता नही चलता कि अगली चोरी हो जाती है।



रोजाना हांसी शहर में कई-कई चोरियों की घटनाएं रोजाना हो रही है। प्रधान सरदार इलावादी ने कहा जैसे-जैसे ठण्ड बढ़ रही है वैसे-वैसे चोर सक्रिय हो रहे है। न मन्दिरो को, न गुरुद्वारों को, न ही स्कूलो को, ना ही तालाबन्द मकानों को अर्थात् किसी को नही छोड़ रहे बल्कि पूरी रेकी करके लूट कर ले जा रहे है। पुलिस प्रशासन को हल्के के चोरो की लिस्ट बनानी चाहिए कि कौन चोर इस समय कहां-कहां है और क्या-क्या कर रहा है। यह काम निगरानी का है क्योंकि लोगों में इन चोरियों को देख कर परेशानी हो रही है और वो दुःख सुख में नहीं जा सकते। किशोरी नागपाल ने कहा कि कहीं शादी, मृत्यु आदि पर जाना हो तो कई बार सोचना पड़ता है कि घर में किसको छोड़े। अगर ताला लगाते है तो चोर तुरन्त घर की सफाई कर जाएगा। अब आमजन यही सोचता है कि जाए तो कहां जाएं। प्रधान सरदार इलावादी ने सरकार व प्रशासन से मांग की कि सब काम बन्द करके पहले सी.सी.टी.वी. हर चौक, चौराहो पर लगाए जाए ताकि आमजन सुख की नींद सो सके और इन चोरों के आतंक से बच सके। पुलिस गश्त रात के समय ओर बढ़ाई जावे। उन्होंने आगे कहा कि जिस वार्ड में चोरी होती है उस चोरी के सामान की भरपाई वहां का एम.सी. करे। क्योंकि चुनाव में यह जब वोट लेते है तो कहते है कि हर प्रकार का दुःख मैं दूर करूंगा।

# खेत में पड़ी एक एकड़ की धान चोरी

पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 19 नवम्बर :** हांसी में चोरों ने किसान की 6 महीने की मेहनत पर हाथ साफ कर दिया। खेत में पड़ी एक एकड़ की धान को रात को उठा ले गए। धान करीब 65 मण थी। पुलिस ने किसान की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सिसाय कालीरावण गांव के रहने वाले किसान रमेश ने बताया कि 16 नवंबर की रात को उसने अपने खेत में 1 एकड़ के लगभग 65 मण धान निकाल रखे थे। इनको चोर रात को उठा कर ले गए। उसने बताया कि रात के क़रीब 12.30 बजे उनके खेत के रास्ते पर जाने वाली सड़क से एक लाल रंग की कार व उसके पीछे चल रहें एक टाटा 407 केंटर दिखाई दिए हैं। खेत से पहले गांव के बाहर एक सीसीटीवी कैमरे में ये दोनों वाहन जाते दिखाई दे रहे हैं। रमेश ने बताया कि कुछ देर के बाद वही कार व केंटर वापस ते हुए भी दिखाई दिए। उनको शक है कि चोर कार व केंटर आए थे और उसके खेत से धान की चोरी करके ले गए। रमेश के खेत में रखी हुई धान लगभग एक एकड़ में बीजी गई फसल की थी। रमेश ने इस चोरी की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने रमेश की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33—एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33—एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप—सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964—72584
श्याम नागपाल : 92552—73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960—38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

# भाजपा सरकार ने लाखों युवाओं के सपनों को तोड़ा : राजेंद्र सोरखी

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 19 नवम्बर :** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सोरखी ने रविवार को बयान जारी कर गठबंधन सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ दुष्यंत चौटाला और भाजपा सरकार का धोखा आज बेपर्दा हो गया। वैसे भी हरियाणा के एक भी युवा को इस झूठे आरक्षण से नौकरी नहीं मिली थी। सरकार में 30 से ज्यादा पेपर लोक हो चुके हैं, जिससे युवाओं का सरकारी नौकरी का सपना टूटा और निजी क्षेत्र की नौकरियों में हरियाणा के युवाओं को 75त्न आरक्षण भी जुमला साबित हुआ। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा की प्राइवेट नौकरी में 75त्न आरक्षण के कानून को रद्द कर दिया है। इस कानून के तहत उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने युवाओं से वादा किया था कि हरियाणा के प्राइवेट नौकरी में युवाओं को 75त्न आरक्षण मिलेगा।।ये कानून दो साल से हरियाणा की विधानसभा में पास हो चुका है, लेकिन हरियाणा का एक भी युवा ऐसा नहीं है जिसे इस कानून के तहत प्राइवेट रोजगार मिला है। ये अपने आप में बताता है कि ये कानून सिर्फ कागज का एक पुलिंदा था, ये कानून हरियाणा के युवाओं को प्राइवेट रोजगार दिलाने में सक्षम नहीं था।



# आओ गुरु बुला रहे हैं कार्यक्रम में गुरुओं के प्रवचन सुनने उमड़े श्रद्धालु

## अजय मुनि जी, दिनेश मुनि जी व विनीत मुनि जी ने सद्कार्य करने की दी प्रेरणा

### भगवान की शरण में जाकर दया-दृष्टि की कामना करनी चाहिए : अजय मुनि जी महाराज



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 19 नवम्बर :** मानव जीवन का महत्व समझाने के लिए हिसार के सेक्टर-13 में आओ गुरु बुला रहे हैं कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष तरुण जैन के कोठी नं. 1 स्थित सभागार में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में संघ-शास्ता शासन प्रभावक गुरुदेव श्री सुदर्शन लाल जी महाराज के सुशिष्य संघ संचालक गुरुदेव श्री नरेश चंद्र जी महाराज के आज्ञानुवर्ती संघ दीपक श्री अजय मुनि जी महाराज, हिसार के लाल श्री दिनेश मुनि जी महाराज एवं हिसार में दीक्षित श्री विनीत मुनि जी महाराज ने प्रवचन देते हुए सद्कार्य करने की प्रेरणा दी।

हिसार की श्री एस. एस. जैन सभा के तत्वावधान में आयोजित किए गए आओ गुरु बुला रहे हैं कार्यक्रम में हिसार व आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। विशेष बात यह है कि श्री अजय मुनि जी महाराज, श्री दिनेश मुनि जी एवं श्री विनीत मुनि जी महाराज चातुर्मास हेतु हिसार में पधारे हुए हैं। उनके प्रवचनों व दिव्य वाणी का लाभ भक्तों को निरंतर मिल रहा है। इसी कड़ी में आयोजित कार्यक्रम में श्री अजय मुनि जी महाराज ने सुख-दुख, धर्म-अधर्म और मानव जीवन के मर्म से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि हर वाहन में ब्रेक होते हैं लेकिन इंसान अपनी इच्छाओं पर ब्रेक ही नहीं लगाना चाहता। बढ़ती इच्छाओं के कारण उसे चैन की नींद तक नहीं आती। उन्होंने कहा कि वास्तव में इंसान अपने दुख से दुखी नहीं बल्कि दूसरों से सुख से अधिक दुखी है। इसलिए सोच को बदलकर मानवता की भलाई के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान की शरण में जाकर केवल उसकी दया दृष्टि की इच्छा रखोगे तो सब कुछ मंगल होगा। उन्होंने तरुण जैन को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उन्हें भी सद्कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर दिनेश मुनि जी महाराज ने भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण व भगवान महावीर के प्रसंग सुनाते हुए अहिंसा, संयम व तप अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जहां अहिंसा, संयम व तप होता है, वहां धर्म होता है। इसलिए हर इंसान को मर्यादा में रहते हुए संयमित व्यवहार करना चाहिए।

विनीत मुनि जी महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि इंसान को कभी भी पद और माया का अभिमान नहीं करना चाहिए। छल-कपट जैसे कर्मों का फल स्वयं ही भुगतना पड़ता है। इसलिए कभी भी गलत कार्य नहीं करने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमेशा मन को निर्मल करके गुरु के दर्शन करने चाहिएं। ऐसी भावना से जीवन में सब कुछ मंगल होता है।

